इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग एयरक्राफ्ट

स्रोत: डाउन टू अर्थ

इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग (eVTOL) एयरक्राफ्ट के उद्भव ने नवप्रवर्तकों, शहरी योजनाकारों और यात्रियों का ध्यान आकर्षित किया है।

- eVTOL विमान **VTOL एयरक्राफ्टों** का एक उपसमूह है जो ऊर्ध्वाधर रूप से मंडराने, उड़ान भरने और उतरने के लिये विद्युत शक्ति का उपयोग करता है। **पारंपरिक एयरक्राफ्टों** के विपरीत, **eVTOL एयरक्राफ्टों को रनवे की आवश्यकता नहीं होती है,** जो उन्हें शहरी वातावरण के लिये आदर्श बनाता है जहाँ स्थान सीमित होते हैं।
- eVTOL तकनीक न्यूनतम रखरखाव और परिचालन खर्च के साथ **दैनिक आवागमन, कार्गो डिलीवरी एवं आपातकालीन समय** के लिये यातायात समाधान प्रदान करती है। इसका उपयोग **भीड़-भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों में प्रीमियम और आपातकालीन सेवाओं** के लिये किया जा सकता है।
  - यह हेलीपैड जैसे विस्तृत बुनियादी ढाँचे की आवश्यकता को समाप्त कर सकता है और 200 किमी/घंटा की गति से उड़ान भर सकता है।
- **भारतीय नवाचार:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास-इनक्यूबेटेड ई-प्लेन कंपनी बंगलूरू में ई-फ्लाइंग टैक्सियाँ लॉन्च करने की योजना बना रही है, जिसे नागर विमानन महानिदेशालय (Directorate General of Civil Aviation- DGCA) **की स्वीकृति** का इंतज़ार है।
  - वैश्विक स्तर पर हुए eVTOL सुधार अत्यंत उत्साहजनक हैं, लेकिन **भारत में इससे संबंधित परिभाषित नीति का अभाव है।** प्रभावी एकीकरण के लिये **सहयोग, मार्ग योजना और हवाई यातायात नियंत्रण की आवश्यकता होती है।**

What are electric aircraft?

The Union Aviation Minister while speaking at the seventh edition of the India Ideas Conclave in Bengaluru, stated that India is in 'conversation' with a number of eVTOL producers. But how are Electric Vertical Take off and Landing aircraft structured? And what are they capable of ?



// Sources: Vertical Aerospace, Future Flight, Business Wire Picture: Vertical © GRAPHIC NEWS

और पढ़ें: इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग (eVTOL) एयरक्राफ्ट

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/electric-vertical-take-off-and-landing-aircraft